**Strive for Perfection**

# ANGEL'S PUBLIC SCHOOL

## SAMPLE PAPER

**FINAL EXAMS SESSION 2025 – 26 CLASS – VI**

**TIME : 3 HRS. SUBJECT – HINDI M.M:80**

भाग – क (पठन) **(15)**

**(1) दिए गए गद्याशं को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें ।** (10)

संसार में शांति, व्यवस्था और सद्भावना के प्रसार के लिए बुद्ध, ईसामसीह, मुहम्मद, चेतन्य, नानक आदि महापुरुषों ने धर्म के माध्यम से मनुष्य को परम कल्याण के पथ का निर्देश दिया, किंतु बाद में यही धर्म मनुष्य के हाथ में एक अस्त्र बन गया। यह एक सर्वविदित तथ्य है कि धर्म के नाम पर पृथ्वी पर जितना रक्तपात हुआ है उतना और किसी कारण से नहीं। मनुष्य जाति विपन्न हो गई। धीरे-धीरे मनुष्य सहज शुभ बुद्धि से धर्मोन्माद तथा धर्म के नशे से हो चुके और हो सकने वाले अनर्थ को समझने लग गया है। यह आशाप्रद बात है।

भौगोलिक सीमा और धार्मिक विश्वास जनित भेदभाव अब धरती से शनैः शनैः मिटते जा रहे हैं। विज्ञान की प्रगति के साथ-साथ संचार के साधनों में अभूतपूर्व अभिवृद्धि हुई है, जिससे देशों के बीच दूरियाँ कम हो गई हैं। अब एक देश दूसरे देश को अच्छी तरह जानने लग गया। फिर, संयुक्त राष्ट्र संघ, जो संसार के 192 देशों का एक मिलाजुला मंच है, अंतर्राष्ट्रीयता की भावना को फैलाने तथा विभिन्न देशों के आपसी मनमुटाव को दूर करने में प्रयत्नशील है। फिर भी संसार में वर्णभेद की समस्या आज भी विद्यमान है। यह बड़े दुख की बात है कि जब हम इक्कीसवीं सदी की ओर अग्रसर हो रहे हैं और पृथ्वी के सभी प्रगतिशील देश अखंड-विश्व की कल्पना के कार्यान्वयन में लगे हैं, तब भी वर्णभेद का यह कलंक दुनिया से दूर नहीं हुआ।

जो हो, संसार के सब मनुष्य एक हैं। समस्त भेद कृत्रिम हैं और वे मिटाए जा सकते हैं। अमृत संतान है मानव! विश्व के समस्त जीवों में श्रेष्ठतम है। असीम शक्ति है उसमें। अपनी बुद्धि और मन से वह अपने को सब प्रकार की संकीर्णता के कलुष से मुक्त करके अपनी दृष्टि को निर्मल और विस्तीर्ण बना सकता है। संसार के सभी विवेकशील व्यक्ति इस दिशा में सक्रिय हैं।

**बहुविकल्पीय प्रश्न—**

1. **उपयुक्त शीर्षक दीजिए—**
   (क) मनुष्य-निर्माण (ख) वर्ण-भेद एक कलंक
   (ग) विश्व-मानव की ओर (घ) सभी मानव एक हैं।
2. **'आशाप्रद' का अर्थ है—**
   (क) आशावादी (ख) निराशाजनक
   (ग) आशा जगाने वाली (घ) आशा-रहित।
3. **आज देशों की दूरियाँ किन कारणों से घटी हैं?**
   (क) धर्मों के कारण (ख) संचार-साधनों के कारण
   (ग) संयुक्त राष्ट्र संघ के कारण (घ) राजनीतिक संवाद के कारण।
4. **वर्ण-भेद की समस्या से आप क्या समझते हैं?**
   (क) रंग के कारण भेद-भाव (ख) देश के कारण भेद-भाव
   (ग) जाति के कारण भेद-भाव (घ) भाषा के कारण भेद-भाव।
5. **शुद्ध वाक्य छाँटिए—**
   (क) असीम शक्ति है उसमें (ख) उसमें है असीम शक्ति
   (ग) उसमें असीम है शक्ति (घ) उसमें असीम शक्ति है।

**(2) दिए गए पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें ।** (5)

है कौन-सा वह तत्व, जो सारे भुवन में व्याप्त है?
ब्रह्मांड पूरा भी नहीं जिसके लिए पर्याप्त है।
है कौन-सी वह शक्ति, क्यों जी! कौन-सा वह भेद है?
बस, ध्यान ही जिसका मिटाता आपका सब शोक है।
बिछुड़े हुओं का हृदय कैसे एक रहता है, अहो!
वे कौन-से आधार के बल कष्ट सहते हैं, कहो?
क्या क्लेश? कैसा दुख? सबको धैर्य से वे सह रहे,
हैं डूबने का भय न कुछ, आनंद में वे बह रहे।
वह प्रेम है, वह प्रेम है, वह प्रेम है, वह प्रेम है।
क्या हेतु, जो मकरंद पर है भ्रमर मोहित हो रहे?
क्यों भूल अपने को रहे, क्यों सभी सुधि-बुधि खो रहे?
जिस ज्योति पर निश्शंक हृदय पतंग लालायित हुए,
जाते शिखा की ओर यूँ निज नाश हित प्रस्तुत हुए।
वह प्रेम है, वह प्रेम है, वह प्रेम है, वह प्रेम है।
आकाश में, जल में, हवा में, विपिन में, क्या बाग में,
घर में, हृदय में, गाँव में, तरु में तथैव तड़ाग में।
है कौन-सी वह शक्ति, जो है एक-सी रहती सदा?
जो है जुदा करके मिलाती, मिलाकर करती जुदा।
वह प्रेम है, वह प्रेम है, वह प्रेम है, वह प्रेम है।

1. 'ब्रह्मांड' का अर्थ है :

(क) ब्रह्मलोक　　(ख) मृत्युलोक

(ग) संपूर्ण सृष्टि　　(घ) पाताललोक

2. प्रेम के सहारे बिछुड़े हृदय क्या-क्या सहन कर लेते हैं ?

(क) सारे दुख और कष्ट　　(ख) सुख और दुख

(ग) अविश्वास और बेईमानी　　(घ) दुख और अविश्वास

3. भौंरा अपने प्रेम को किस प्रकार प्रदर्शित करता है ?

(क) फूल की सुगंध पर मोहित होकर　　(ख) फूल के रंग पर मोहित होकर

(ग) फूल के सौंदर्य पर मोहित होकर　　(घ) फूल के पराग पर मोहित होकर

4. 'मोहित' शब्द में प्रत्यय है :

(क) त　　(ख) हित

(ग) इत　　(घ) ईत

5. 'वह प्रेम है, वह प्रेम है, वह प्रेम है'—पंक्ति में 'प्रेम' शब्द की पुनरावृत्ति क्यों की गई है ?

(क) प्रेम की भावना को सर्वोपरि बताने के लिए

(ख) उसकी सामर्थ्य और व्यापक प्रभाव का चित्रण करने के लिए

(ग) मानव को प्रेम व भाईचारे की सीख देने के लिए

(घ) शृंगार के संयोग व वियोग पक्ष का चित्रण करने के लिए

## भाग – ख (व्याकरण)　　(20)

**(3) निम्नलिखित वाक्यों में (√) या  का निशान लगाइए :–**　　**(2x1=2)**

**(क)** सकर्मक क्रिया में कर्म नही होता हैं। (   )

**(ख)** क्रिया की दो विधियाँ होती हैं।   (   )

**(4) क्रिया संबंधी अशुद्धियाँ दूर करके दोबारा वाक्य लिखिए :–**　　**(2x1=2)**

**(क)** बरतन धुला गया है ।

**(ख)** मैने सबको बताए दिए थे।

**(5) निम्नलिखित वाक्यों में से उचित शब्द लिखकर खाली जगह भरिए ।**　　**(2x1=2)**

**(क)** क्रिया के जिस रूप से कार्य के होने के समय का पता चले उसे _______ कहते हैं।

**(ख)** बीते हुए समय में होने वाली क्रिया _______ काल का बोध कराती है।

**(6) निम्नलिखित वाक्यों के आधार पर सही विकल्प (√) निशान लगाइए ।**　　**(2x1=2)**

**(क)** मेरे पास कम रूपए है। क्रिया विशेषण　　विशेषण

**(ख)** राम कम खाता है ।　क्रिया विशेषण　　विशेषण

**(7) संबंध बोधक शब्दों से खाली जगह भरिए ।**　　**(3x1=3)**

**(क)** राधा _______ मीरा भी गा रही है।

**(ख)** विद्या _______ जीवन अधूरा है।

**(ग)** कौआ पेड़ _______ काँव – काँव कर रहा है।

**(8) निम्नलिखित शब्दों से विशेषण शब्द बनाकर लिखिए ।**　　**(4x1=4)**

पढना　　गुण　　मैं　　बेचना

**(9) निम्नलिखित मूल धातु में 'ना' प्रत्यय जोड़कर क्रिया शब्द बनाइए ।** **(2x1=2)**

जा ______ चकरा ___________

**(10) मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाए :–** **(3x1=3)**

**(क)** अक्ल मारी जानी

**(ख)** आँखो का तारा

**(ग)** खरी खोटी सुनाना

## भाग – ग (पुस्तकीय) (30)

**(11) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :–** **(2x5=10)**

**(क)** जगतदादा को सब 'दादा' क्यों कहते है ?

**(ख)** शाम को पदुमनि गाँव की ओर टहलते हुए हेडमास्टर जी ने क्या देखा ?

**(ग)** मीराबाई किसकी भक्त थी ?

**(घ)** सारा इंतजाम होने पर भी श्यामा की आँखो में आँसू आने का क्या कारण था ?

**(ङ)** कौन' किसको सुलाने का प्रयास कर रहा है ?

**(12) दिए गए लघु प्रश्नों के उत्तर लिखे :–** **(4x3=12)**

**(क)** यशोदा कृष्ण को सुलाने के लिए क्या – क्या यत्न करती है ?

**(ख)** अंडो को धूप से बचाने के लिए केशव और श्यामा ने क्या किया ?

**(ग)** तपन ने उद्दंड साँड को वश में करने के लिए क्या प्रयत्न किया ?

**(घ)** मैच को टालने के लिए दादा ने क्या – क्या बहाने बनाए ?

**(13) दिए गए प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखें :–** **(6x1=6)**

दादा के लिए कितनी बॉले फेंकी गई ? प्रत्येक का विवरण और दादा का स्कोर लिखिए ।

**या**

सॉड के उपद्रव वाली घटना के बाद तपन के विषय में कैसी धारणा बन गई और क्यों ?

**(14) दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर में (√) निशान लगाइए :–** **(2x1=2)**

**(क)** 'नैनिहाल' शब्द का क्या अर्थ है ?

(1) नानी का घर (2) नाना का हाल (3) नन्हें बच्चे

**(ख)** मीरा ने स्वयं को किसकी दासी बताया ?

(1) राम की (2) हरि की (3) नारायण की

## भाग – घ लेखन (15)

**(15)** घड़ी के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए । (7)

**(16)** जन्मदिन के अवसर पर मित्र को पत्र लिखे। (8)

**अथवा**

मित्र को पुरस्कार मिलने पर बधाई पत्र लिखे।